Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 17 अक्तूबर, 2023

5वाँ राष्ट्रीय जल पुरस्कार

जल शक्ति मंत्रालय ने 5वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2023 **(National Water Awards- NWA)** का शुभारंभ किया है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में **अनुकरणीय कार्य एवं प्रयासों को पहचानना तथा प्रोत्साहित** करना है।

- राष्ट्रीय जल पुरस्कार की शुरुआत वर्ष में हुई थी, इसका पहला वितरण समारोह वर्ष 2019 में आयोजित किया गया था।
- **पुरस्कार श्रेणियाँ:**
  - 'सर्वश्रेष्ठ राज्य,' 'सर्वश्रेष्ठ ज़िला,' 'सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायत,' 'सर्वश्रेष्ठ शहरी स्थानीय निकाय,' 'सर्वश्रेष्ठ स्कूल/कॉलेज,' 'सर्वश्रेष्ठ संस्थान (स्कूल/कॉलेज के अतिरिक्त),' 'सर्वश्रेष्ठ उद्योग,' 'सर्वश्रेष्ठ नागरिक समाज,' 'सर्वश्रेष्ठ जल उपयोगकर्त्ता संघ,' और 'उत्कृष्टता के लिये सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति।'
- **पुरस्कार और मान्यता:**
  - 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' और 'सर्वश्रेष्ठ ज़िला' श्रेणियों में विजेताओं को एक **ट्रॉफी तथा एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।**

RITES लिमिटेड और IRCON को नवरत्न का दर्जा

वित्त मंत्रालय ने **रेल मंत्रालय** के तहत दो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (CPSE), **इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड (IRCON)** और **राइट्स लिमिटेड (RITES)** को सम्मानित 'नवरत्न' का दर्जा प्रदान किया है।

- भारत में नवरत्न कंपनियाँ **CPSE** का एक समूह है जिसने **वैश्विक बाज़ार में** प्रतिस्पर्द्धा करने के लिये **वित्तीय स्वायत्तता और समुत्थानशीलता को बढ़ाया** है। उन्हें कुछ विशेषाधिकार दिये गए हैं, जैसे **स्पष्ट सरकारी मंज़ूरी के बिना 1,000 करोड़ रुपए तक का निवेश।**
- **नवरत्न** का दर्जा पहली बार **वर्ष 1997 में पेश** किया गया था। वर्तमान में भारत में 16 नवरत्न कंपनियाँ हैं।
  - नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के लिये एक फर्म को शुरू में **मिनीरत्न श्रेणी में शामिल होना** होगा और उसे **छह प्रदर्शन मानदंडों** के अनुसार **60 या अधिक (100 में से)** का स्कोर हासिल करना होगा, जिसमें नेट प्रॉफिट से लेकर नेट वर्थ, प्रति शेयर आय और अंतर-क्षेत्रीय प्रदर्शन जैसे मेट्रिक्स शामिल हैं।

और पढ़ें: भारतीय अर्थव्यवस्था के क्षेत्र

विश्व स्पाइन दिवस 2023

प्रत्येक वर्ष **16 अक्तूबर को विश्व स्पाइन दिवस (WSD) रीढ़ के स्वास्थ्य** के विषय में जागरूकता बढ़ाता है।

- **वर्ष 2023 के लिये थीम है: "मूव योर स्पाइन"** , जो रीढ़ की हड्डी में दर्द और विकारों को रोकने तथा प्रबंधित करने में शारीरिक क्रियाशीलता एवं गतिविधि की भूमिका पर बल देती है।
- WSD की शुरुआत **वर्ष 2008 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ काइरोप्रैक्टिक (WFC)** द्वारा की गई थी, जो विश्व में विभिन्न संगठनों के सहयोग से इस कार्यक्रम का समन्वय करता है।
  - WSD का उद्देश्य लोगों को रीढ़ की हड्डी संबंधी विकारों के कारणों, रोकथाम और उपचार के विषय में शिक्षित करना तथा उन्हें **अपनी रीढ़ की देखभाल करने के लिये प्रोत्साहित करना है।**

और पढ़ें...मल्टीपल स्क्लेरोसिस

वर्ल्ड वाइट केन दिवस

- **वर्ल्ड वाइट केन दिवस 15 अक्तूबर** को **विश्व स्तर पर** मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों, विशेष रूप से दृष्टिबाधित लोगों के लिये पहुँच और समावेशन को बढ़ावा देना है।
  - इसे व्हाइट केन सेफ्टी डे के रूप में भी जाना जाता है, इस दिन को पहली बार **वर्ष 1964** में संयुक्त राज्य अमेरिका में **राष्ट्रपति लिंडन बी.**

जॉनसन द्वारा मान्यता दी गई थी।
- दृष्टबाधित व्यक्तियों के लिये वाइट केन एक **नेविगेशन या पहचान सहायता** है। यह उनके लिये एक शक्ति का प्रतीक है, जो **स्वतंत्रता, गतिशीलता और आत्मविश्वास** का प्रतिनिधित्व करता है।

और पढ़ें...**भारत में दिव्यांगता**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-17-october,-2023